संयम ◆संस्कार ◆संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

# शहर समता

वर्ष-23 अंक- 14
पृष्ठ 8
मंगलवार
29 सितम्बर 2026
प्रात: संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य-1.00

प्रयागराज से प्रकाशित Email : shaharsamta@gmail.com Website : https://Shaharsamta.com

सम्पादक-उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- शिशु को बार-बार बनती है...
विचार- चुनाव आयोग में एकतरफा फैसलों...
खेल- टीम इंडिया की जीत ही मुख्य लक्ष्य...

सीएम योगी ने 1375 वीडीओ को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले-

## 10 साल पहले बिना पैसे नौकरी पाना संभव नहीं था

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सरकारी नौकरियों और गांवों के विकास को लेकर समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने नौजवानों के हक पर डकैती डाली, पिछड़ों-दलितों को योजनाओं से वंचित किया, नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, जिनके लिए विकास का मतलब सिर्फ सैफई था, वही आज नए स्वरूप में नए स्लोगन के साथ गिरगिट की तरह रंग बदलते दिख रहे हैं। इनसे सावधान रहना है। यह भ्रम पैदा कर राज्य को अराजकता की तरफ धकेलने की साजिश करेंगे। सीएम ने सपा-कांग्रेस को चुनौती देते



हुए कहा कि छह महीने में एक लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने का हमारा लक्ष्य है। वे गिनते रहें, हम नियुक्ति पत्र वितरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 1,375 ग्राम पंचायत अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। 11 नवचयनितों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों और उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि मैंने 15 सितंबर के आसपास कहा था कि हर सप्ताह नियुक्ति पत्र वितरण करेंगे और छह महीने के अंदर एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र देंगे। 20 सितंबर से यह चौथी नियुक्ति पत्र प्रक्रिया संपन्न हुई। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से फिर नियुक्ति पत्र वितरण होगा। यूपीएसएसएससी द्वारा आयोजित कराई गई परीक्षा में 1375 युवाओं का चयन हुआ है। नियुक्ति पत्र पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ। इसमें मंत्री ओम प्रकाश राजभर, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, विधायक अमरेश, विधायक जयदेवी, महेंद्र सिंह और लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला: 7वीं-8वीं की तरह छठी में भी तीसरी भाषा पर राहत

नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को निर्देश दिया कि तीन-भाषा व्यवस्था के तहत छठी कक्षा के छात्रों को भी वही राहत दी जाए, जो अभी सातवीं कक्षा के छात्रों को मिल रही है। यह मामला सीबीएसई की तीन-भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने कहा कि छठी कक्षा के छात्रों को भी तीसरी भाषा के मूल्यांकन में सातवीं कक्षा के छात्रों के लिए दी गई छूट का लाभ दिया जाए। अदालत के आदेश का सबसे अहम हिस्सा तीसरी भाषा के मूल्यांकन से जुड़ा है। अभी सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा



के छात्रों को संक्रमणकालीन राहत दी गई है। इसके तहत जब वे दसवीं कक्षा में पहुंचेंगे, तो तीसरी भाषा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। तीसरी भाषा का मूल्यांकन स्कूल स्तर पर आंतरिक रूप से किया जाएगा। इसका दसवीं कक्षा के बोर्ड परिणाम पर पास या फेल होने का असर नहीं होगा। अब यही राहत छठी कक्षा के छात्रों को भी दी गई है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि छठी कक्षा के छात्रों को सातवीं कक्षा के छात्रों को दी गई वही छूट दी जाए। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान संकेत दिया, पास या फेल नहीं होगा। केवल उपस्थिति प्रमाणपत्र होगा। सुनवाई की शुरुआत में भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि छठी कक्षा के छात्रों को मौजूदा शैक्षणिक वर्ष से ही इस व्यवस्था में शामिल करने को लेकर सरकार अदालत को इसके पक्ष में समझाने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि कुल 28,819 स्कूलों में से करीब 1.2 प्रतिशत स्कूलों को छोड़कर बाकी स्कूल व्यवस्था के अनुरूप हैं। उनके अनुसार किताबें और अध्ययन सामग्री उपलब्ध हैं और छात्रों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्रों को पहले ही संक्रमणकालीन राहत दी जा चुकी है। इसके तहत दसवीं कक्षा में तीसरी भाषा की कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी।

याचिकाकर्ताओं ने क्या आपत्ति जताई?

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि छात्रों ने इस व्यवस्था का पालन इसलिए किया, क्योंकि उनके पास दूसरा विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा कि शुरुआत में पाठ्यपुस्तकें ऑनलाइन उपलब्ध नहीं थीं।

### लता मंगेशकर जयंती: प्रधानमंत्री मोदी ने स्वर कोकिला को किया नमन, बोले- उनका योगदान युग-युगांतर तक याद रहेगा

मुंबई,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोमवार को मशहूर गायिका लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संगीत की दुनिया में उनका अतुलनीय योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए यादगार रहेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दिवंगत गायिका को नमन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र




मोदी ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट साझा किया है। उन्होंने दिवंगत गायिका लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए लिखा है, श्अपनी दिव्य गायन प्रतिभा से विश्व में देश का नाम रोशन करने वालीं आदरणीया लता दीदी को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने भारतवर्ष को न केवल अपने सुमधुर सुरों से सजाया-संवारा, बल्कि देश की समृद्धि से जुड़ी हर पहल को भी सदैव प्रोत्साहित किया। भारतीय संगीत जगत में उनका अप्रतिम योगदान युग-युगांतर तक स्मरणीय रहेगा। लता मंगेशकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बेहद आत्मीय रिश्ता था। लता दीदी, प्रधानमंत्री मोदी का अपना भाई मानती थीं। प्रधानमंत्री को लता श्नरेंद्र भाईश कहकर पुकारती थीं। साथ ही हर साल रक्षाबंधन पर उन्हें राखी भेजा करती थीं।

### उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश ने मचाया कहर, 60 से ज्यादा मौतें

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने पूरे प्रदेश में तबाही का मंजर पैदा कर दिया है। तेज बारिश, आंधी और बाढ़ के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। अलग-अलग घटनाओं में 60 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। एक हजार से अधिक मकानों के क्षतिग्रस्त होने और हजारों परिवारों के प्रभावित होने की सूचना है। कई जिलों में सड़कें, गलियां और गांव पानी में डूब गए हैं, जबकि नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। राज्य के राहत आयुक्त कार्यालय के शुरुआती आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अतिवृष्टि और आंधी-तूफान से 56 लोगों की मौत, 46 लोगों के घायल होने, 107 पशुओं की मौत और 1,021 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना थी। बाद के अपडेट में मृतकों की संख्या 62 तक पहुंचने की खबर सामने आई। ऐसे में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मृतकों की संख्या 60 के पार पहुंच चुकी है। हम आपको बता दें कि प्रदेश के 75 जिलों में से 56 जिलों में सामान्य से अत्यधिक बारिश दर्ज की गई। महज 1.8 मिलीमीटर की सामान्य दैनिक बारिश के मुकाबले 24 घंटे में प्रदेश में 45.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पिछले 60 घंटों में बारिश सामान्य से लगभग 775 प्रतिशत अधिक रही। फर्रुखाबाद में सामान्य से 7,385 प्रतिशत, कन्नौज में 5,664 प्रतिशत, शाहजहांपुर में 4,408 प्रतिशत, हमीरपुर में 4,240 प्रतिशत और महोबा में 4,100 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। हम आपको बता दें कि कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली, बांदा, औरैया, महोबा, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, कुशीनगर और कई अन्य जिलों में हालात बेहद खराब हैं। कानपुर में कच्चे मकानों के गिरने और नदी-नालों में डूबने की घटनाएं सामने आई हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में बार-बार हो रहे यौन अपराधों पर उच्चतम न्यायालय ने लिया स्वत: संज्ञान

नयी दिल्ली,एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में हाल ही में हुए बलात्कार के कई मामलों पर सोमवार को स्वत: संज्ञान लिया, जिनमें एक पार्क में महिला के साथ हुआ सामूहिक बलात्कार और दिल्ली में चलती बस में नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न का मामला शामिल है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने बार-बार हो रही इन घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त किया और सवाल उठाया कि क्या 2012 के निर्भया मामले के बाद से कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने कोई सार्थक प्रगति की है। पीठ ने बस की घटना का जिक्र करते कहा कि ऐसे मामले बुनियादी सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में कानून लागू करने वाली एजेंसियों और सार्वजनिक अधिकारियों की प्रणालीगत विफलता को उजागर करते हैं।




### भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी तस्करों ने ड्रोन से गिराई हेरोइन, बीएसएफ जवानों ने की बरामद


श्रीगंगानगर,एजेंसी। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर सीमा क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक बार फिर सीमा पार से ड्रोन से हेरोइन गिरायी गयी जिसे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने बरामद कर तस्करी की कोशिश नाकाम कर दिया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दल को सोमवार सुबह एक खेत में संदिग्ध पैकेट मिला, जिसमें करीब 810 ग्राम हेरोइन निकली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब चार करोड़ रुपये आंकी गई है। बीएसएफ के सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में कंपनी कमांडर रमेशकुमार को चक 13-एसबी में एक संदिग्ध पैकेट पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही उनके नेतृत्व में बीएसएफ का दल मौके पर पहुंचा और पैकेट को कब्जे में ले लिया। जांच में पैकेट में करीब 810 ग्राम हेरोइन पाई गई। इसके बाद बीएसएफ ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी।



बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि पैकेट पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के जरिए खेत में गिराया गया था। श्रीकरणपुर क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ऐसे मामले बार-बार सामने आ रहे हैं, जहां तस्कर ड्रोन से नशीले पदार्थ गिराते हैं और भारतीय तरफ से लोग उन्हें उठाने पहुंचते हैं। पिछले छह महीनों में इस क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये से भी ज्यादा मूल्य की हेरोइन और अन्य मादक पदार्थ जब्त किये जा चुके हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तानी तस्कर लगातार ड्रोन का इस्तेमाल करके छोटे-छोटे पैकेट गिरा रहे हैं, ताकि पकड़े जाने का जोखिम कम रहे। बीएसएफ की 118वीं वाहिनी के कमांडेंट कमलसिंह राठौड़ के नेतृत्व में सीमा क्षेत्र में निगरानी और सतर्कता बढ़ाई गई है।

### चुनाव आयोग विवाद पर गंभीरता से लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : खरगे

नयी दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि चुनाव आयोग से जुड़े विवाद पर पार्टी गंभीरता से लड़ाई लड़ेगी और इस मुद्दे




पर आगे की रणनीति तय करने के लिए मंगलवार को यहां पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुलाई गई है। श्री खरगे ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होगी और कार्य समिति के सभी सदस्य अपने सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा पूरे देश, लोकतंत्र के अस्तित्व और देश के भविष्य से जुड़ा है, इसलिए कांग्रेस इसको लेकर बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अपने लोगों ने ही उसे लेकर सवाल उठाये हैं। उन्होंने दावा किया कि केरल के पूर्व मुख्य सचिव ने भी कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनसे चुनाव लड़ने को कहा था। इस खुलासे से पता चलता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा की विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं और भाजपा कार्यकर्ता बन गये हैं।

## विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति का ग्यारहवीं स्थापना दिवस तथा हिंदी दिवस समारोह दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ संपन्न

कार्यक्रम में दस प्रचारक को एकमुश्त मानदेय और 30 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी को छात्रवृत्ति प्रदान

विभिन्न प्रतियोगिताएं के विजेता को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार से सम्मानित

विश्वनाथ, असम। केंद्रीय हिंदी निदेशालय , शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा स्वीकृत प्राप्त असम के अग्रणी हिंदी स्वैच्छिक संस्थान विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ 26 तथा 27 सितंबर को अपना ग्यारहवीं स्थापना दिवस तथा हिंदी दिवस समारोह धूमधाम से मनाया।संस्थान के प्रांगण में आयोजित प्रथम दिवस सुबह 8 बजे कार्यकरी अध्यक्ष सूर्य नारायण पांडे ने ध्वजारोहण किया। दोपहर 1 बजे से चित्रांकन प्रतियोगिता तीन शाखा में ,कविता



आवृत्ति प्रतियोगिता तीन शाखा में, भाषण प्रतियोगिता तीन शाखा में और प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता तीन शाखा में आयोजित हुई , जिसमें जिले के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय , ऑरियन्ट फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल , सेंट जेवियर्स स्कूल ,चारिआलि आदर्श विद्यापीठ , जवाहर नवोदय विद्यालय के असंख्य विद्यार्थी प्रतिभाग किए। दूसरे दिन 12 बजे दोपहर मूल सभा का आयोजन किया गया।कार्यकरी अध्यक्ष सूर्य नारायण पांडे की अध्यक्षता में सचिव संतोष कुमार महतो ने सभा की संचालन की ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के फोटो के समीप मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित तेजपुर विश्वविद्यालय, हिंदी विभाग के वरिष्ठ सहायक आचार्य डॉ. अनुशब्द ने दीप प्रज्वलित कर और दीप मंत्रोच्चारण से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चिंतामणि शर्मा , विशिष्ट अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय, विश्वनाथ के प्राचार्य राजेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार हरि लुइँटेल , संस्थान के उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता को फुलाम गामोछा से सम्मानित किया गया। सचिव संतोष कुमार महतो ने सभा की उद्देश्य व्याख्या के साथ स्वागत भाषण दी । मुख्य वक्ता डॉ.अनुशब्द ने संस्थान के 10 वर्ष में हुए गतिविधियों की सराहना के साथ "हिंदी भाषा के अतीत, वर्तमान और भविष्य में रोजगार के अवसर " पर सारगर्भित व्याख्यान दी। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ.चिंतामणि शर्मा , विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार वर्मा, हरि लुइँटेल, संस्थान के उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने हिंदी भाषा को राष्ट्र एकता की कड़ी जोड़ते हुए संस्थान द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार–प्रसार के लिए कार्य की साधुवाद दी। तत्पश्चात स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता के विजेता को प्रशस्ति पत्र ,भारत माता का फोटो और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के कर कमलों से संस्थान के विभिन्न शिक्षण केन्द्र में कार्यरत प्रचारक गायत्री कलवार , राहूल मिश्रा , सैयदा आनोवारा खातुन , ऊषा साहू ,गायित्री गुप्ता, मनीषा पाल, सत्य प्रकाश गुप्ता आदि को वित्तीय वर्ष 25–26 का एकमुश्त मानदेय और संस्थान के तीस अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी को छात्रवृत्ति प्रदान की गई ।इस मौके पर स्थानीय कवि सुरेन्द्र कुमार सहंनी ने स्वरचित कविता पाठ की और सभा की गरिमा बढ़ाई। सभाध्यक्ष सूर्य नारायण पांडे ने संस्थान की ग्यारहवीं स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संस्थान की भविष्य कार्य में सभी की सहाय–सहयोग की कामना की। अंत में सचिव महतो ने आभार प्रकट की और राष्ट्रगान से सभा भंग हुई ।इस मौके पर कोषाध्यक्ष छेदीलाल कुर्मी, सांस्कृतिक सचिव गीता वर्मा, सह सांस्कृतिक सचिव रवींद्र नाथ गुप्ता, सह सचिव मनीषा पाल ,सह सचिव सत्यप्रकाश गुप्ता , सलाहकार सुरेंद्र कुमार सहनी, शिक्षक राम कलवार ,शिक्षक सुजीत कुमार शर्मा,सदस्या वंदना दास , जवाहर नवोदय विद्यालय विश्वनाथ के हिंदी शिक्षक ओमप्रकाश यादव, प्रचारक –प्रचारिका , हिंदी प्रेमी रूमा दास ,असंख्य विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद थे।

## हवा हुई मंद, थमी बारिश, निकली धूप, चढ़ने लगा पारा

प्रयागराज। पश्चिमी बंगाल के चक्रवात का असर तीन दिनों बाद कम हो गया। इस दौरान 40 से 45 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही हवाएं मंद पड़ गईं। बारिश भी थम गई। रविवार को पूरे दिन धूप–छांव की आंख मिचौली चलती रही। वहीं, 24 घंटे के भीतर तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिली। रविवार को सुबह से ही हवाओं की रफ्तार घटकर 20 किलोमीटर प्रतिघंटे के करीब पहुंच गई। वहीं, आसमान में बादलों का जमावड़ा देखने को मिला। बीच–बीच में धूप भी निकलती रही। हालांकि, लगातार तीन दिनों की बारिश के चलते न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते रविवार शाम के समय मौसम में हल्की ठंड की सिरहन महसूस की गई।

मौसम विभाग ने तीन अक्तूबर तक मौसम सामान्य रहने की संभावना जताई है। इसके अलावा अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में बढ़ोतरी होने के बावजूद आर्द्रता में गिरावट आएगी। जिसकी वजह से उमस भरी गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी।

सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, धूप निकलेगी। –डॉ. शैलेंद्र राय, मौसम विशेषज्ञ, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

# चुनावी हार से हताश कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को बना रही निशाना, भाजपा ने किया पलटवार

प्रयागराज। चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों को लेकर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि लगातार चुनावी पराजय से कांग्रेस नेतृत्व हताश है और अपनी राजनीतिक विफलताओं का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रहा है।

चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों को लेकर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि लगातार चुनावी पराजय से कांग्रेस नेतृत्व हताश है और अपनी राजनीतिक विफलताओं का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रहा है। सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि जनादेश को स्वीकार करने के बजाय चुनाव हारने पर निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाना कांग्रेस की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा नेताओं ने 26 सितंबर को निर्वाचन आयोग की ओर से जारी संयुक्त वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश



कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. एसएस संधू व विवेक जोशी के स्पष्टीकरण से विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

एसआईआर के फैसले पर भाजपा ने दी सफाई

भाजपा ने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) समेत निर्वाचन आयोग के प्रमुख निर्णय तीनों निर्वाचन आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। पार्टी नेताओं ने सर्वोच्च न्यायालय के 27 मई 2026 के निर्णय का भी उल्लेख किया और कहा कि एसआईआर को लेकर आयोग की प्रक्रिया पर न्यायिक स्तर पर भी स्थिति स्पष्ट हो चुकी है।

कैबिनेट सचिव के पत्र को बताया प्रशासनिक मामला

भाजपा नेताओं ने कैबिनेट सचिव के पत्र को लेकर कहा कि इसका ͏ ͏या किसी नीतिगत निर्णय से संबंध नहीं था। उनके अनुसार यह एक अधिकारी की प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रशासनिक विषय था। भाजपा ने आरोप लगाया कि इस प्रशासनिक पत्र को राजनीतिक विवाद का रूप देने का प्रयास किया गया।

फॉर्म–6 और मीडिया रिपोर्ट का भी किया जिक्र

प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने एक समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया। उन्होंने रिपोर्ट को तथ्यहीन बताते हुए कहा कि फार्म–छह के घोषणापत्र को लेकर भी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला दिया गया है। भाजपा के अनुसार निर्वाचन आयोग निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य कर रहा है।

श्रमिकों और वंचित लोगों के लिए विशेष शिविर

भाजपा नेताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित होने से बचाना है। इसके लिए श्रमिकों, बेघर लोगों और मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाने वाले पात्र नागरिकों के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं।

राहुल गांधी और विपक्ष पर संस्थाओं को लेकर निशाना

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह ने राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन पर राजनीतिक लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने पूर्व में दिए गए राजनीतिक बयानों का उल्लेख करते हुए 'चौकीदार चोर है' टिप्पणी के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में माफी, विदेशों में भारतीय न्यायपालिका को लेकर दिए गए बयानों तथा सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और तवांग की घटना से जुड़े वक्तव्यों का जिक्र किया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद कांग्रेस नेतृत्व को अपने आरोपों पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस से संवैधानिक संस्थाओं के प्रति लगाए गए आरोपों को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, जमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी गंगापार उमेश तिवारी, महानगर मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव और विवेक मिश्रा समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, जनादेश का अपमान कर रहा चुनाव आयोग

प्रयागराज। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेसियों ने बालसन चौराहे पर प्रदर्शन किया। सांसद उज्ज्वल रमण सिंह के नेतृत्व में नेताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग की।




भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेसियों ने बालसन चौराहे पर प्रदर्शन किया। सांसद उज्ज्वल रमण सिंह के नेतृत्व में नेताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग की।

सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग लगातार जनादेश का अपमान कर रहा है। कांग्रेस हरियाणा में भी चुनाव जीती, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में भी चुनाव जीती, लेकिन चुनाव आयोग ने जनादेश का अपमान करते हुए ईवीएम में गड़बड़ी करके चुनाव हरा दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे चुनाव आयुक्त को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। न्यायपालिका को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। जब तक ज्ञानेश कुमार को हटाया नहीं जाता, तब तक कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि आम आदमी भी यह समझ गया है कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से काम नहीं कर रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर आज पूरे देश और प्रदेश समेत सभी जिला मुख्यालयों पर चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है।

# लावारिस कुत्तों का आतंक, हर महीने 10 हजार लोग शिकार

प्रयागराज। शहर में लावारिस कुत्तों ने लोगों का राह चलना कठिन कर दिया है। रात के समय कुत्ते लोगों को दौड़ाकर काट रहे हैं। राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार, हर महीने लगभग 10 हजार लोग लावारिस कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं।



नगर निगम कुत्तों का स्टरलाइजेशन (नसबंदी) और एंटी–रेबीज वैक्सीनेशन कर रहा है। हालांकि, सेल्टर होम न होने से कुत्तों को शहर से हटाया नहीं जा सका है। इससे कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रत्येक मोहल्ले में 500 से अधिक कुत्ते होने का अनुमान है। शहर दक्षिणी व पश्चिमी में काटने की घटनाएं अधिक हैं। आजाद स्क्वायर, रामबाग, सिविल लाइंस जैसे कई प्रमुख इलाकों में रोजाना सैकड़ों लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। इस साल जनवरी से अगस्त तक करीब 80 लोगों को कुत्तों ने काटा है। इनमें 58 हजार आवारा कुत्ते और 22 हजार पालतू कुत्ते शामिल हैं। कुत्तों के स्टरलाइजेशन और एंटी–रेबीज वैक्सीनेशन पर हर साल करीब 80 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। यह काम पैरावेट द केयर ऑफ एनिमल एंड सोसाइटी कर रही है। नगर निगम के पास कुत्तों को पकड़ने के लिए दो वाहन हैं। फाफामऊ में सेल्टर होम बनाने की तैयारी है, जिसके लिए भूमि चिह्नित हो चुकी है। इसका डीपीआर शासन को भेजा जा चुका है। कुत्ते अगर गाड़ी के पीछे भागते हैं, तो हड़बड़ाने और भागने की जरूरत नहीं है। क्योंकि जितना भागेंगे और घबराएंगे कुत्ता उतना ज्यादा काटने का प्रयास करेगा। –डॉ. सीपी सिंह कुशवाहा, पशु रोग विशेषज्ञ।

नगर निगम की तरफ से लगातार कुत्तों की नसबंदी और एंटी–रेबीज वैक्सीनेशन लगाने का काम चल रहा है। फाफामऊ में सेल्टर होम खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जिसके लिए जमीन भी चिह्नित हो गई है। शासन से मंजूरी मिलते ही इस दिशा में काम किया जाएगा। –बिजय अमृत राज, पशुधन चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी, नगर निगम।

वर्तमान में कुत्ते काटने के मामले में इजाफा हुआ है। जिसे देखते हुए सभी सीएचसी, पीएचसी सहित कॉल्विन व बेली में पर्याप्त मात्रा में एंटी रैबीज का इंजेक्शन उपलब्ध है। –डॉ. अभिषेक सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

# ईदगाह के पास तालाब के पास लगाया गया चेतावनी बोर्ड




प्रयागराज। आजमपुर स्थित ऐतिहासिक ईदगाह के सामने पक्के तालाब में लगातार डूबने की घटनाओं के बाद चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इन घटनाओं में पिछले कुछ वर्षों में कई बच्चों की जान जा चुकी है, जबकि कई लोगों को बचाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी व सभासद शकील अहमद अंसारी की पहल पर यह कार्य हुआ। पुलिस ने भी बच्चों को तालाब से दूर रखने की अपील की है। जून 2022 से मई 2025 तक मोहम्मद कैफ, मोहम्मद मैहन, मोनिस उर्फ कैफ, जीशान, मोहम्मद मुदस्सिर और मोहम्मद आतिफ समेत कई बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हुई है। कई लोग तैराकी न जानने पर भी तालाब में नहाने चले जाते हैं। अध्यक्ष शोएब अंसारी ने क्षेत्र के लोगों से बच्चों को तालाब से दूर रखने की अपील की है।

## झलवा में एक करोड़ की कोडीनयुक्त कफ सिरप पकड़ी, तीन गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज के झलवा में एसटीएफ और एयरपोर्ट पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर करीब एक करोड़ रुपये की कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद की। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। झलवा में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एयरपोर्ट पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब एक करोड़ रुपये कीमत की प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ कर कफ सिरप के सप्लाई नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।




संयुक्त टीम को कोडीनयुक्त कफ सिरप की बड़ी खेप के बारे में सूचना मिली थी। इसके आधार पर एसटीएफ की टीम ने एयरपोर्ट थाना पुलिस के साथ रविवार शाम करीब सात बजे झलवा में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान टीम ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में कफ सिरप बरामद की। बरामद कफ सिरप की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी बरामदगी की मात्रा और आरोपियों के नाम की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, मामले का विस्तृत खुलासा सोमवार को किया जा सकता है। एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि कोडीनयुक्त कफ सिरप की खेप दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ से प्रयागराज लाई जाती थी। यहां शहर में अलग–अलग ठिकानों पर इसे स्टोर करने के बाद अन्य राज्यों में भेजे जाने की बात सामने आई है। पूछताछ में सामने आया कि कोडीनयुक्त कफ सिरप को प्रयागराज के मेडिकल स्टोरों पर सप्लाई किए जाने की तैयारी थी। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े कारोबारियों और उन ठिकानों की भी पड़ताल कर रही है, जहां सिरप की सप्लाई की जानी थी। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। मामले में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपाइयों ने देश के विकास में योगदान का लिया संकल्प

प्रयागराज। मऊआइमा ग्रामीण मंडल में भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान के नेतृत्व में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सुना गया। बूथ संख्या 5 पर युवराज सिंह के आवास और बूथ संख्या 36 पर आकाश शर्मा के आवास पर कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक एकत्र हुए। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों और राष्ट्रहित के संदेशों को सुनकर कार्यकर्ताओं ने देश के विकास में योगदान का संकल्प लिया। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, शंभू नाथ पटेल, राम पलट पटेल, मिठाई लाल गौतम, विजय सिंह, राज कुमार गुप्ता आदि रहे। इधर, करछना में भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की मन की बात कार्यक्रम को सुना। मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, प्रदीप पांडेय, आनंद तिवारी, हरिकृष्ण पांडेय आदि रहे।

भाजपा यमुनापार के मन की बात जिला संयोजक दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने रविवार को बूथ संख्या 296 पर कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का श्मन की बातश् कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने और सकारात्मक दिशा में बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री ने ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमणों का भी उल्लेख किया। उन्होंने देशवासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि मन की बात राष्ट्रसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करने वाला संवाद है। मौके पर किसान मोर्चा जिला मंत्री वीरेन्द्र सिंह पटेल, सुभाष चन्द्र चतुर्वेदी, अनिल चतुर्वेदी, इन्द्रसेन सिंह, लाला केसरवानी, विजय, राहुल आदि रहे।

## सम्पादकीय.......

# छात्रों को वित्तीय प्रबंधन की शिक्षा देना जरूरी

भारतीय छात्रों को वित्तीय साक्षरता की शिक्षा देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जब छात्र कम उम्र में पैसों का प्रबंधन सीखते हैं, तो वे भविष्य में बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं। वित्तीय साक्षरता और वित्तीय प्रबंधन सीखने से कॉलेज ही नहीं, बल्कि सीनियर स्कूल छात्र भी बजट बनाना, बचत करना और फिजूलखर्ची से बचना सीखते हैं। इससे भविष्य की सुरक्षा के लिए लोन (जैसे एजुकेशन लोन), क्रैडिट कार्ड और कर्ज के जाल से बचने की समझ विकसित होती है। इससे निवेश की समझ भी बदलती है। छात्रों को वित्त प्रबंधन सिखाना अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्हें बचत, बजट, निवेश और जिम्मेदार खर्च से अवगत कराकर, हम उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करते हैं। पूरे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में वित्तीय साक्षरता की शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। कॉलेज से कॉर्पोरेट जीवन में कदम रखना या अपना स्टार्ट–अप शुरू करना एक युवा व्यक्ति के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक है। पहली कमाई करना या मिलना उत्साह, स्वतंत्रता और नई जिम्मेदारियां लेकर आता है। हालांकि, इसके साथ ही कुछ व्यावहारिक सवाल भी उठते हैं। कितना पैसा बचाना चाहिए? खर्चों की योजना कैसे बनानी चाहिए? क्या बीमा आवश्यक है? खर्च करना, बचत करना और निवेश करना, इन तीनों में क्या अंतर है? क्या हमारे विश्वविद्यालय इस शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं? वित्तीय साक्षरता कोई विशेष कौशल नहीं है, जो केवल वित्त पेशेवरों के लिए ही हो। यह सभी के लिए जरूरी है। यह एक व्यावहारिक जीवन कौशल है, जो व्यक्ति को कमाई, खर्च, बचत, उधार, सुरक्षा और निवेश के बारे में सोच–समझकर निर्णय लेने में मदद करता है। ये ऐसे जीवन कौशल हैं, जिनकी आवश्यकता प्रत्येक छात्र को होती है, चाहे उसका शैक्षणिक विषय या करियर पथ कुछ भी हो। आधुनिक अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल होती जा रही है। आज के छात्र यू.पी.आई., ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म का सक्रिय रूप से उपयोग करते हैं। प्रौद्योगिकी ने वित्तीय लेन–देन को सुविधाजनक तो बना दिया लेकिन साथ ही साइबर धोखाधड़ी, अविवेकी खर्च और वित्तीय संबंधी गलत सूचनाओं के खतरे को भी बढ़ा दिया है। इसलिए, वित्तीय जागरूकता न केवल धन कमाने के लिए, बल्कि वित्तीय सुरक्षा के लिए भी आवश्यक हो गई है।डिग्री से छात्र को रोजगार पाने में मदद मिल सकती है लेकिन वित्तीय साक्षरता उन्हें कार्यस्थल से परे जीवन में आगे बढने में सहायक होती है। जैसे–जैसे उच्च शिक्षा बदलती दुनिया की मांगों को पूरा करने के लिए विकसित हो रही है, वित्तीय साक्षरता को न केवल वित्तीय ज्ञान के रूप में, बल्कि प्रत्येक छात्र के लिए एक मूलभूत जीवन कौशल के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी छात्रों को वित्तीय साक्षरता और वित्तीय प्रबंध का कौशल सिखाना उनके भविष्य की भलाई में एक निवेश होगा। पैसे, बचत, बजट और जिम्मेदार खर्च की समझ को पहले से ही सिखा कर, हम उन्हें आत्मविश्वास से वित्तीय दुनिया की जटिलताओं का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं। इसके साथ ही, भारतीय छात्रों को केवल 'पैसे कमाना' नहीं, बल्कि 'पैसे का प्रबंधन करना' सिखाना देश की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने के लिए भी बेहद जरूरी है।

# अपने पुरखे: पं.गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'– राष्ट्रचेतना के ओजस्वी कवि

जयराम जय

"जो भरा नहीं है भावों से,बहती जिसमें रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं,वह पत्थर है,जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।"

इन अमर पंक्तियों के रचनाकार पं. गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' (21 अगस्त 1883द20 मई 1972) हिंदी साहित्य के उन विरल रचनाकारों में हैं, जिनके लिए कविता केवल सौंदर्य–बोध या मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, राष्ट्रीय स्वाभिमान और परिवर्तन का सशक्त उपकरण थी। वे कवि होने के साथ स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और संपादक भी थे। ब्रजभाषा की दीर्घ परंपरा के बीच खड़ी बोली में ओज, माधुर्य और छंद–सौंदर्य से संपन्न काव्य रचकर उसे कवि–सम्मेलनों के माध्यम से जन–जन तक पहुँचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के हड़हा गाँव में जन्मे सनेही जी ने बहुत कम आयु में अध्यापन आरंभ कर दिया था। मात्र सोलह वर्ष की अवस्था में वे एक मिडिल स्कूल में शिक्षक बन गए। साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले सहकर्मियों की प्रेरणा से उनका रुझान काव्य–सृजन की ओर हुआ। उनकी प्रतिभा की तीक्ष्णता का एक रोचक प्रसंग प्रचलित है। विद्यालय के निरीक्षण अथवा मरम्मत–कार्य के सिलसिले में एक अभियंता वहाँ पहुँचे। उनकी दृष्टि सनेही जी की मेज पर रखी उर्दू की छंदशास्त्रीय पुस्तक पर पड़ी। उन्होंने पूछाकृ'इसे कौन पढ़ता है?' सनेही जी ने सहजता से उत्तर दियाकृ'मैं ही पढ़ता हूँ।'

अभियंता ने उनकी योग्यता परखने के लिए उर्दू कविता की एक पंक्ति सुनाकर उसका वज़्न बताने को कहा। सनेही जी ने न केवल उसका वज़्न बताया, बल्कि तत्काल उसी पर गिरह भी लगा दी। यह प्रसंग उनके बहुआयामी काव्य–ज्ञान और छंद–साधना का परिचायक है। हिंदी के साथ उर्दू काव्य–परंपरा और छंद–विधान की उनकी समझ ने उनकी रचनात्मकता को विशिष्ट विस्तार दिया।

सन् 1921 तक वे विभिन्न विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत रहे। किंतु स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण अंततः उन्हें अध्यापन से त्यागपत्र देना पड़ा। इसके बाद उनका जीवन कविता, जेल–यात्रा और राष्ट्रीय जागरण के बीच निरंतर सक्रिय रहा। वे मानते थे कि कविता यदि जनता की चेतना को स्पर्श न करे तो उसकी सामाजिक उपयोगिता अधूरी है। इसी उद्देश्य से उन्होंने 'सनेही मंडल' की स्थापना की। अवध क्षेत्र के विभिन्न जनपदों तक इसका विस्तार हुआ और अनेक नवोदित कवि इस काव्य–परंपरा से जुड़े।

देशभक्ति की कविताओं के लिए उन्होंने 'सनेही' के अतिरिक्त 'त्रिशूल' उपनाम का भी प्रयोग किया। 'त्रिशूल' नाम ही उनके विद्रोही तेवर और राष्ट्रीय चेतना का संकेत देता है। हास्य–व्यंग्य के लिए वे 'तरंगी', 'अलमस्त', 'लहर–लहरपुरी' आदि उपनामों से भी लिखते थे। इस प्रकार एक ही रचनाकार के भीतर प्रेम, शृंगार, भक्ति, हास्य, व्यंग्य, राष्ट्रीयता और सामाजिक प्रतिरोध की अनेक धाराएँ एक साथ प्रवाहित होती थीं।

सनेही जी का साहित्यिक व्यक्तित्व केवल रचना तक सीमित नहीं रहा। सन् 1928 में उन्होंने 'सुकवि' पत्रिका का संपादन और प्रकाशन प्रारंभ किया। यह पत्रिका नवोदित कवियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनी। उनके प्रयासों से अनेक कवि साहित्य की मुख्यधारा से जुड़े। उनके द्वारा तैयार की गई यह काव्य–पीढ़ी राष्ट्रीय जागरण में सहभागी बनी। आज कवि–सम्मेलनों की जो लोकप्रिय और जनोन्मुख परंपरा दिखाई देती है, उसके विकास में 'सनेही मंडल' की काव्य–गोष्ठियों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना जाता है।




सनेही जी की कविता का मूल स्वर जन–जागरण का स्वर है। प्रेम और शृंगार की कोमलता के साथ राष्ट्रीयता का ओज, सामाजिक विषमता के विरुद्ध आक्रोश और परिवर्तन की आकांक्षा उनकी रचनाओं में साथ–साथ दिखाई देती है। उनके प्रमुख काव्य–संग्रहों में 'प्रेम पचीसी', 'गप्पाष्टक', 'कुसुमांजलि', 'कृषक क्रन्दन', 'त्रिशूल तरंग', 'राष्ट्रीय मंत्र', 'संजीवनी' और 'राष्ट्रीय वीणा' आदि उल्लेखनीय हैं।

समाज–सुधार के प्रश्नों पर भी उनकी दृष्टि अत्यंत सजग थी। महात्मा गांधी के अछूतोद्धार आंदोलन के दौरान उन्होंने कविता को सामाजिक चेतना का माध्यम बनाया। उनकी प्रसिद्ध घनाक्षरी आज भी जातिगत भेदभाव के विरुद्ध एक तीखा प्रश्न बनकर सामने आती है–

"एक ही विधाता के अमृत–पुत्र, एक देश,
कुछ यों अपूत, कुछ पूत कैसे हो गये?
सबकी नसों में रक्त एक ही प्रवाहित है,
कुछ देवदूत, कुछ भूत कैसे हो गये?"

इस कविता का महत्व केवल तत्कालीन सामाजिक संदर्भ तक सीमित नहीं है। मनुष्य को जन्म के आधार पर बाँटने वाली मानसिकता पर सनेही जी का यह प्रश्न आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वे भारतीय परंपरा के भीतर से ही समानता और मानवीय गरिमा की आवाज बुलंद करते हैं।

उनकी राष्ट्रीय चेतना का एक और रूप स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति उनकी संवेदना में दिखाई देता है। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान के बाद उन्होंने देशवासियों को सांत्वना और संघर्ष का संदेश देते हुए लिखाकृ

"सच्चे आशिकों के है मुक़द्दर में सूली लिखी,
तुम न दुखाओ दिल, उनको दुखाने दो।
रोके रहो आहें यह अपनी फलक–सोज,
अगर सताता है फलक तो सताने दो।"

यहाँ व्यक्तिगत शोक राष्ट्रीय संकल्प में रूपांतरित हो जाता है। सनेही जी की कविता आँसू पोंछने के साथ संघर्ष की लौ भी जलाती है।

कानपुर से प्रकाशित दैनिक 'वर्तमान' से भी उनका जुड़ाव रहा। उसके उद्देश्य–वाक्य के रूप में उनकी ये पंक्तियाँ प्रकाशित होती थींकृ

"शानदार था भूत, भविष्यत भी महान है,
अगर सँभालें आप उसे जो वर्तमान है।"

इन पंक्तियों में इतिहास, भविष्य और वर्तमान के बीच उत्तरदायित्व का सुंदर संबंध स्थापित होता है। अतीत के गौरव और भविष्य की आकांक्षा के बीच वर्तमान को सँभालने का संदेश आज भी उतना ही सार्थक है।

सनेही जी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता शायद यही थी कि उन्होंने साहित्य को जीवन से अलग करके नहीं देखा। वे स्वयं शिक्षक थे तो शिक्षा से जुड़े रहे, स्वतंत्रता सेनानी थे तो राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े रहे, संपादक थे तो साहित्यिक प्रतिभाओं को मंच देते रहे और कवि थे तो जनता की पीड़ा तथा आकांक्षाओं को स्वर देते रहे। उनकी कविता में वैदुष्य है, किंतु वह केवल पांडित्य–प्रदर्शन नहीं; उसमें जीवन का ताप और संघर्ष की बेचैनी भी है। इसी कारण उनका विद्रोह नारे में सीमित नहीं होता, बल्कि संवेदना और विचार के साथ कविता में रूपांतरित होता है।

जीवन के अंतिम दिनों में कानपुर के उर्सला अस्पताल में रहते हुए उन्होंने जो छंद लिखा, वह उनके समूचे साहित्यिक जीवन का मानो आत्मकथ्य बन गया–

"करने चले तंग पतंग मुझे जल,
मिट्टी में मिट्टी मिला चुका हूँ।
तम–तोम का काम तमाम किया,
जगती को प्रकाश में ला चुका हूँ।
नहीं चाह 'सनेही' सनेह की और,
सनेह में जी मैं जला चुका हूँ।
बुझने का मुझे कुछ दुःख नहीं,
पथ सैकड़ों को दिखला चुका हूँ।"

इन पंक्तियों में एक साधक–कवि का आत्मविश्वास है, जिसने अपने हिस्से का प्रकाश समाज को देने के बाद जीवन की संध्या को सहजता से स्वीकार किया। यही सनेही जी की रचनात्मक साधना का सार भी हैकृस्वयं जलना और दूसरों के लिए राह प्रकाशित करना।

हिंदी साहित्य के इतिहास में पं. गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' का मूल्यांकन केवल राष्ट्रीय कवि या छंद–साधक के रूप में करना उनके व्यक्तित्व को सीमित करना होगा। वे एक ऐसे वैदुष्यपूर्ण विद्रोही रचनाकार थे, जिन्होंने कविता को जनचेतना से जोड़ा, नवोदित प्रतिभाओं को मंच दिया और साहित्य को सामाजिक तथा राष्ट्रीय उत्तरदायित्व से संपृक्त किया। उनकी कविता में देशप्रेम भावुकता नहीं, कर्म का आह्वान है; विद्रोह अराजकता नहीं, अन्याय के विरुद्ध नैतिक प्रतिरोध है; और स्नेह केवल निजी अनुभूति नहीं, समूचे समाज के प्रति आत्मीयता है।

इसीलिए 'सनेही' आज भी केवल हिंदी साहित्य के इतिहास का एक नाम नहीं हैं। वे उस परंपरा के प्रतिनिधि हैं जो मानती है कि कवि का हृदय तभी सार्थक है, जब उसमें भावों की रसधार के साथ अपने देश, समाज और मनुष्य के प्रति प्रेम भी प्रवाहित हो।

जयराम जय
'पर्णिका' बी–11 / 1कृष्ण विहार
आवास विकास कल्याणपुर
कानपुर 208017 (उ.प्र.)
मो.नं.9415429104–9369848238
ई–मेलः
jairamjay2011@gmail-com

# चुनाव आयोग में एकतरफा फैसलों के लिए कोई जगह नहीं

एस.वाई. कुरैशी

एक साल से भी अधिक समय से, मैं मतदाता सूचियों के 'विशेष सघन पुनरीक्षण' (एस.आई.आर.) के बारे में आलोचनात्मक रूप से लिखता रहा हूं। मैंने ऐसा कुछ संकोच के साथ किया। भारत का निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) एक ऐसा संस्थान है, जहां मैंने कई वर्षों तक सेवा की है। मैं इसकी खूबियों को जानता हूं और मैंने अक्सर इसे हमारे संविधान के महान उपहारों में से एक कहा है। एक अंग्रेजी अखबार के खुलासों के बाद, मुझे आश्चर्य होता है कि क्या मैं पर्याप्त रूप से आलोचनात्मक था? जांच रिपोर्ट बताती है कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों में कम से कम 14 बार उन फैसलों और आदेशों पर आपत्तियां दर्ज कराईं, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि वे उनकी जानकारी के बिना लिए गए थे। उनकी चिंताएं ई.सी.आई. के मूल कामकाज से जुड़ी थीं, जिसमें मतदाताओं का पंजीकरण और विलोपन, नामों की बहाली, फॉर्म 6, चुनावी मामलों में अपील और नामावलियों की डिजिटल संरचना पर नियंत्रण शामिल था। अब सवाल सिर्फ यह नहीं रह गया कि क्या एस.आई.आर. बुद्धिमानी भरा, निष्पक्ष या प्रशासनिक रूप से सही था। एक वास्तविक सवाल उठता है–क्या ये फैसले वास्तव में ई.सी.आई. द्वारा लिए जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्या इन्हें कानूनी माना जा सकता है? कानून स्पष्ट है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 की धारा 18(2) में प्रावधान है कि आयोग का सारा कामकाज, जहां तक संभव हो, सर्वसम्मति से निपटाया जाएगा। यदि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों में मतभेद होता है, तो मामले का फैसला 'बहुमत की राय के अनुसार किया जाएगा'। धारा 18(1) इससे भी आगे जाती है–कामकाज के संचालन और उसके आबंटन की प्रक्रिया को भी केवल सर्वसम्मत फैसले द्वारा ही विनियमित किया जा सकता है। सर्वसम्मति ही वैधानिक नियम है। जहां यह विफल होती है, वहां बहुमत तय करता है। एकतरफा फैसलों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। यह सिद्धांत इस कानून से भी पुराना है। टी. एन. शेषन बनाम भारत संघ (1995) के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर बल दिया था कि अनुच्छेद 324 चुनावों की जिम्मेदारी ई.सी.आई. को सौंपता है, किसी एक व्यक्ति को नहीं।

# समाज को ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले राजनीतिज्ञों व अधिकारियों की जरूरत

राजेंद्र मोहन शर्मा

भारत के प्रथम गृहमंत्री व उपप्रधानमंत्री, जिन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है तथा जिन्हें अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं का स्टील फ्रेम माना जाता है, सरदार पटेल ने अपने संबोधन में कहा था कि प्रशासनिक अधिकारी भारत की रीढ़ की तरह होते हैं तथा जिन्हें धैर्य, साहस, तटस्थता, ईमानदारी व बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के कार्य करना चाहिए। यह मूलभूत बातें इन अधिकारियों के प्रशिक्षण में भी रटाई जाती हैं। मगर न जाने किन कारणों से देश के कुछ अधिकारी अपने नैतिक मूल्यों को त्याग कर राजनीतिज्ञों के पिच्छ्रू बनकर अपना कार्य लोभ–लालसा व पक्षपातपूर्ण रवैये के साथ करना शुरू कर देते हैं। अधिकतर अधिकारी अपनी मनचाही तैनाती व उन्नति पाने के लिए किसी सत्ता पक्ष के दल का दामन थाम लेते हैं तथा तटस्थ रहने की बजाय उस दल के अनुचित निर्देशों के प्रति वफादार होकर अपना कार्य करना आरंभ कर देते हैं। कई बार तो यह भी देखा गया है कि कुछ अधिकारी अपनी जाति, धर्म, गृह जिला–राज्य के आधार पर भी अपना कार्य करना शुरू कर देते हैं तथा स्टील फ्रेम से जाने जाने वाले प्रशासन को खींच–खींचकर रबड़ की तरह लचीला बना देते हैं।ईमानदारी व तटस्थता से काम करने वाले चंद अधिकारियों को इधर–उधार भटकाया जाता है। संविधान व विभागीय नियमों के अंतर्गत ट्रांसफर, प्रोमोशन व दंड देने की शक्तियां इन अधिकारियों को उनके रैंक के अनुसार प्रदान की गई हैं लेकिन अब तो यह सारा काम राजनीतिज्ञों ने अपने हाथ में ले लिया है तथा सिपाही, पटवारी व गार्ड तक के स्थानांतरण राजनीतिज्ञों की मर्जी के बिना नहीं किए जा सकते। अधिकारी तो राजनीतिज्ञों के महज 'टूल' बन चुके हैं। विभागों में अनुशासनहीनता बढने का मुख्य कारण भी यही है, क्योंकि यदि किसी कर्मचारी की वाघ्षक गोपनीय रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल टिप्पणी कर भी दी जाए, तो वह भी राजनीतिज्ञों द्वारा अनुकूल कर दी जाती हैं। ऐसे हालातों में ईमानदार अधिकारी के पास 2 ही विकल्प रह जाते हैं–या तो वह सिस्टम के साथ घुल–मिल जाए या फिर इधर–उधर भटकने के लिए तैयार हो जाए। यही कारण है कि अधिकतर अधिकारी राजनीतिज्ञों के चमचे बन गए हैं, क्योंकि संस्था की स्वतंत्रता उनके पास नहीं रहने दी जाती।







# शिशु को बार-बार बनती है गैस तो अजमाएं ये आसान सी घरेलू उपाय

छोटे शिशु को कई तरह की परेशानियां होती हैं जिसमें से एक मुख्य समस्या है गैस। कई बार शिशु अचानक से रोने लगता है पेरेंट्स को समझ में भी नहीं आता कि वह क्यों रो रहा है। ऐसे में माता–पिता भी घबरा जाते हैं। पेट में दर्द और गैस शिशु को कई कारण से हो सकती है। दूध पीते समय शिशु के पेट में हवा जाने के कारण या फिर ज्यादा मात्रा में दूध पीने से उन्हें यह समस्या हो सकती है। ऐसे में इसके कारण बच्चे बहुत ही परेशान हो जाते हैं। आज आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताते हैं जिनके जरिए आप शिशु के पेट में बनने वाली गैस की समस्या को दूर कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में. ...

गैस बनने के कारण

जल्दी–जल्दी दूध पिलाने के कारण दूध आसानी से नहीं पच पाता। इसके अलावा जो शिशु बोतल से दूध पीते हैं उन्हें भी गैस की समस्या हो सकती है। दूध पिलाने के बाद यदि शिशु को डकार न दिलवाया जाए तो भी गैस बनने लगती है। इसके अलावा यदि शिशु ज्यादा मिर्च मसाले वाला खाना खाते हैं तो भी यह समस्या उन्हें परेशान कर सकती है।

ऐसे दिलवाएं समस्या से राहत

जरुर दिलवाएं डकार

जब भी आप शिशु को दूध पिलाएं तो उसे डकार जरुर दिलवाएं। दूध पिलाने के बाद शिशु को अपने कंधे पर लेकर उसकी पीठ को धीरे–धीरे थपथपाएं। इससे उन्हें पेट में गैस नहीं बनेगी और वह समस्या से आसानी से निकल पाएंगे।

करवाएं ये एक्सरसाइज

कई बार शिशु को यदि गैस पास न हो तो भी वह रोने लगते हैं। ऐसे में इस समस्या से उन्हें बचाने के लिए शिशु को पीठ के बल लिटा दें इसके बाद उनके घुटनों को मोड़ते हुए पैरों को उठाएं। इसके बाद उनके पैरों को ऐसे मूव करवाएं जैसे वह साइकिल चला रहे हैं। पैरों को ऐसे चलाने से बच्चों के पेट में फंसी गैस आसानी से बाहर निकलेगी और उन्हें आराम मिलेगा।

हींग आएगी काम

शिशु के पेट में गैस बनने पर आप हींग का इस्तेमाल कर सकते हैं। हींग नानी–दादी के जमाने का आसान नुस्खा है इससे शिशु को गैस से भी आराम मिलेगा। शिशु के पेट के ऊपर हींग को गर्म पानी में मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर नाभि के आस–पास लगाएं। इससे उसके पेट की गैस दूर हो जाएगी।

सरसों के तेल से करें पेट की मालिश

शिशु को यदि पेट में बहुत दर्द हो रहा है तो आप सरसों के तेल से उसकी मालिश करें। सरसों के तेल को हल्का गर्म करके उसकी नाभि के आस–पास लगाएं। इस तरह दर्द से उन्हें काफी आराम मिलेगा।

सौंफ

सौंफ भी शिशु को गैस से राहत दिलवाने में मदद करेगी। 1 टेबलस्पूल सौंफ को 1 लीटर पानी के साथ उबाल लें। यह पानी बच्चे को दिन में 2–3 बार दें। समस्या से काफी आराम मिलेगा।

गर्म पानी से करें सिकाई

गर्म पानी से शिशु की सिकाई करने से भी उसे दर्द से काफी आराम मिलेगा। टॉवल को गर्म पानी में भिगोएं और शिशु के पेट में लगाएं। इस प्रक्रिया को 2–3 बार दोहराएं। दर्द से शिशु को आराम मिलेगा।

पेट के बल लिटा दें

यदि शिशु के पेट में गैस बन रही है तो आप उसे पेट के बल लिटा दें। इससे गैस आसानी से निकल जाएगी। 1–2 मिनट तक शिशु को इसी अवस्था में रखें। इससे उसे काफी आराम मिलेगा।



# सुंदरता की दुश्मन है सेल्युलाईट स्किन! ये होममेड स्क्रब्स आपकी समस्या का कर सकते हैं हल







महिलाओं को वैसे तो कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है लेकिन सेल्युलाईट एक ऐसी समस्या है जिसके चलते शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर महिलाओं के बट, थाइज, आर्म्घ्स या बेली पर सेल्युलाईट नजर आते हैं जो देखने में बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते हैं। ये आपकी त्ध्वचा पर अधिक फैट इकट्ठा हो जाने के कारण नजर आत हैं। दरअसल फैट इकट्ठा होने से त्वचा स्ट्रेच होने लगती हैं, जिससे सेल्युलाईट उभर आते हैं।

महिलाओं को आती है कई परेशानी

सेल्युलाइट अक्सर जांघों और हिप्स पर अधिक देखने को मिलता है, जो महिलाओं की खूबसूरती को तो कम करता ही है साथ ही इससे जल्द छुटकारा भी नहीं मिलता है। इन दिनों बाजार में बहुत सी क्रीम्घ्स और प्रोडक्घ्ट्स उपलब्ध हैं जो सेल्युलाईट को कम करने का दावा करते हैं, लेकिन हम आपको ऐसे घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हे अजमाकर आप अपनी खोई हुई खूबसूरती को वापस पा सकती हैं।

बेहद असरदार है कॉफी

सेल्युलाइट को खत्म करने के लिए सबसे असरदार है कॉफी। इसमें प्रचुर मात्रा में एंटी–ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, इससे ओवरऑल स्किन–टोन निखरता है। कॉफी स्क्रब से डेड स्किन हटती है और स्किन सॉफ्ट, फ्रेश और निखर कर आती है।

कॉफी स्क्रब बनाने का तरीका

पहले कॉफी बीन्स को गर्म पानी में भिगो लें। इसे क्रश कर के स्क्रब करने जितना पेस्ट बना लें।

ध्यान रहे आप इस्तेमाल किए गए कॉफी बीन्स का इस्तेमाल न करें, क्योंकि उसके तत्व पहले ही खत्म हो जाते हैं।

अगर आपकी ड्राई स्किन है तो इसमें गर्म कर के नारियल का तेल एड कर लें।

इसके पेस्ट का टेक्सचर आप अपने हिसाब से बनाएं जिससे आप अच्छे से स्क्रब कर सकें।

आप चाहें तो इसमें ब्राउन शुगर भी एड कर सकते हैं।

ड्राई ब्रशिंग

शॉवर लेने से पहले मसाज और एक्सफोलिएट के लिए आप ड्राई ब्रशिंग कर सकती है और इसके लिए आपको किसी क्रीम लोशन या स्क्रब की जरूरत नही पड़ेगी बस एक शुष्क ब्रश आपको सेल्युलाईट छुटकारा दिला सकता है।

जैतून का तेल और ग्लिसरीन

इसका पैक बनाने के लिए 2–3 बड़े चम्मच जैतून तेल,1 चम्मच चीनी, विटामिन ई तेल के 2 चम्मच, आधा कप कॉफी और 1 चम्मच ग्लिसरीन का लेकर पेस्ट बना लें। अब इस पैक को सेल्युलाईट क्षेत्रों पर लगाने के लिए पहले गर्म पानी से स्नान करें उसके बाद कुछ–कुछ मिनटों के लिए गोलाकार गति में मालिश करके धो लें। स्क्रब हुई जगह को प्लास्टिक की चादर से कवर कर ले और लगभग 10 मिनट के बाद ही उसको हटाए। कुछ समय बाद असर दिखने लगेगा।

त्वचा को मॉइस्चराइज करें

त्वचा को रोजाना मॉइस्चराइज करें। इससे न केवल त्वचा स्मूथ और जीवित होती है, बल्कि सेल्युलाईट की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप नारियल तेल का सहारा ले सकते हैं। खासकर शुद्ध नारियल त्वचा के लिए वरदान साबित होता है।

सेब का सिरका

सेब का सिरका त्वचा में फंसे टॉक्सिन को निकालकर सेल्युलाइट स्किन को कम करने में मदद करता है। साथ ही इससे सूजन भी कम होती है। इसके लिए पानी और सेब के सिरके को बराबर मात्रा में मिलाकर लगाएं। इसके अलावा इसमें शहद मिलाकर पीने से भी सेल्यूलाइट को कम होती है।

डाईट में करे बदलाव

सेल्युलाईट का सबसे बड़ा कारण हार्मोन वृद्धि हो सकता है। तनाव होना, अधिक वजन भी सेल्युलाईट की समस्या को जन्म देता है। अगर आप भी इस परेशानी से जल्द छुटकारा पाना चाहते है तो आज से अपनी डाइट में इन चीजों को एड करना शुरू कर दें।

1. ब्लूबेरी

अगर आप सेल्युलाईट जैसी समस्या का समाधान चाहते हैं तो आज से अपनी डाइट में ब्लूबेरी को एड कर दें। ब्लूबेरी में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो इस बीमारी से लड़ने में कारगर होते हैं। इसके अलावा ब्लूबेरी में विटामिन–सी भी पाया जाता है जिससे आपकी स्किन को बहुत से फायदे मिलते हैं इससे स्किन स्ट्रोंग होती है और इससे सेल्युलाईट की समस्या भी कम होती है।

2. पपीता

पपीते में भरपूर पोटेशियम होता है जो इसके सेवन से भी आपको इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है। इसलिए अपनी डाइट में पपीते को जरूर एड करें।

3. सतावर

आप अपनी डाइट में सतावर को भी एड करें इसे शतावरी भी कहते हैं। इसमें भरपूर फॉलिक एसिड होता है जिससे ये आपके शरीर के स्ट्रेस को कम करता है। इससे आपकी बॉडी में सर्कूलेशन तेज होता है।

4. केला

सेल्युलाईट की समस्या को कम करने में केला भी काफी कारगर है। आप ये तो जानते ही हैं कि केले में पोटेशियम होता है जो कि सेल्युलाईट की समस्या को कम करने में मदद करता है।

5. अनानास

अनानास शरीर में जल जमाव से बचने में मदद करता है, आपके शरीर को जहरीले पदार्थों से छुटकारा दिलाता है। इसमें विटामिन सी भी होता है और यह वजन कम करने में आपकी सहायता करता है।

इन बातों का भी रखें ख्याल

नियमित एक्सरसाइज करें

नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से फैट जलता है और सेल्युलाइट के उभार में कमी आती है।

खूब पानी पिएं

पानी पीने से शरीर की कई समस्याएं कम होती हैं। अधिक पानी पीने से सर्कुलेशन अच्छा होता है, सूजन कम होती है और आपकी त्वचा स्मूद होती है।

चीनी का परहेज करें

अपने आहार में चीनी का प्रयोग कम से कम करें, क्योंकि चीनी से शरीर में इंसुलिन बनता है, जो फैट को स्टोर करने के साथ–साथ सेल्युलाइट बनाने का काम भी करती है।




लड़कियां अपनी खूबसूरती बनाए रखने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करती हैं। परंतु चेहरे की चमक होने के साथ–साथ नाखूनों को भी खास देखभाल की जरुरत होती है। यदि नाखूनों की अच्छे से देखभाल न की जाए तो यह कमजोर होने लगते हैं। आज आपको कुछ ऐसे ऑयल्स बताएंगे जो नाखूनों को मजबूत और शाईनी बनाने में मदद करेंगे। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

वैसलीन और एसेंशियल ऑयल

एसेंशिय ऑयल को नाखूनों पर इस्तेमाल करने के लिए आप वैसलीन और शिया बटर को साथ में इस्तेमाल करें। तीनों चीजों को साथ में मिक्स करें। मिश्रण को मिक्स करके नाखून और उसके आस–पास क्यूटिकल्स पर लगाएं। 15 मिनट के बाद नाखूनों की हल्के हाथों से मालिश करें। पूरी रातभी आप मिश्रण को नाखूनों पर लगा सकते हैं। अगली सुबह उठकर नाखून साफ कपड़े से साफ कर लें। क्यूटिकल्स मजबूत होने लगेंगे।

विटामिन–ई और नारियल का तेल

विटामिन–ई और नारियल के तेल से तैयार मिश्रण आप नाखूनों पर लगाया सकते हैं। नारियल के तेल में विटामिन–ई का कैप्सूल डालें। दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करके 15–20 मिनट के लिए नाखूनों पर लगाएं। त समय के बाद नाखून सादे पानी से धो लें। इसके बाद सूखे कपड़े से नाखून साफ कर लें। इससे नाखून चमकदार भी बनेंगे और मजबूत भी दिखने लगेंगे।

नारियल का तेल और कैस्टर ऑयल

नारियल के तेल और कैस्टर ऑयल भी आप नाखूनों को मजबूत बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। कैस्टर ऑयल में नारियल तेल मिक्स करके नाखूनों पर लगाएं। 15–20 मिनट तक मिश्रण को नाखूनों पर लगाएं। तय समय के बाद सादे पानी ने नाखून धो लें। इससे यह मजबूत भी बनेंगे और चमकदार भी दिखेंगे।

तिल का तेल और नारियल तेल



# ये 5 तेल बढ़ाएंगे नाखूनों की मजबूती, शाईनी और मजबूत नेल्स के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

नारियल तेल में तिल का तेल मिलाकर आप नाखूनों पर लगा सकते हैं। नारियल तेल की कुछ बूंदें तिल के तेल के साथ मिलाएं। तैयार मिश्रण को नाखूनों और अपने क्यूटिकल्स पर अच्छे से लगा लें। रात भर मिश्रण को नाखूनों पर रहने दें। तय समय बाद साफ कपड़े से नाखून धो लें। इससे नाखून लंबे भी दिखेंगे और मजबूत भी नजर आएंगे। वैसलीन के साथ नारियल का तेल नारियल के तेल में वैसलीन मिलाकर भी आप नाखूनों पर लगा सकते हैं। इन दोनों चीजों को नाखूनों पर लगाने से कई तरह की समस्याएं दूर होगी। नारियल तेल में वैसलीन मिलाकर 15–20 मिनट तक नाखूनों पर लगाएं। तय समय बाद सूखे कपड़े से नाखून साफ कर लें। इससे नाखून मजबूत भी बनेंगे और शाईनी भी नजर आएंगे। नोट– ये तेल आप नाखूनों को मजबूत बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं परंतु यदि आपके नाखून कमजोर हैं तो एक बार डॉक्टर को जरुर दिखा लें।

## संक्षिप्त



### देश के 7 शहरों में Housing Sales 3% बढ़कर 1 लाख पार, ANAROCK ने जारी किए आंकड़े

देश के सात प्रमुख शहरों में जुलाई–सितंबर के दौरान मकानों की बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर एक लाख इकाई से अधिक हो गई। मुंबई महानगर क्षेत्र, बेंगलुरु और हैदराबाद में मजबूत मांग इसकी मुख्य वजह रही। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी अनारॉक ने यह जानकारी दी। अनारॉक के अनुसार, मूल्य के लिहाज से जुलाई–सितंबर के दौरान कुल बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 1.55 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 1.52 लाख करोड़ रुपये थी। गौरतलब है कि रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स कंपनी 'प्रॉपइक्विटी' ने पिछले सप्ताह कहा था कि जुलाई–सितंबर तिमाही में कुल बिक्री छह प्रतिशत घटकर 1.03 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट सलाहकार अनारॉक ने सोमवार को जुलाई–सितंबर तिमाही के प्राथमिक आवासीय बाजार के आंकड़े जारी किए। इन आंकड़ों के अनुसार, सात प्रमुख शहरों में आवासीय संपत्तियों की औसत कीमत में सामूहिक रूप से सालाना सात प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस साल जुलाई–सितंबर के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री 1,00,220 इकाई रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 97,080 इकाई थी। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु और हैदराबाद में बिक्री बढ़ी जबकि दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), पुणे, चेन्नई और कोलकाता में बिक्री में गिरावट आई। रियल एस्टेट सलाहकार अनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि वर्ष 2026 की तीसरी (जुलाई–सितंबर) तिमाही में शीर्ष सात शहरों में कुल बिक्री में एमएमआर और बेंगलुरु की हिस्सेदारी 48 प्रतिशत रही। इन सात शहरों में वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में करीब 1,14,320 आवासीय इकाइयां पेश की गईं, जबकि 2025 की तीसरी तिमाही में 96,690 इकाइयां पेश की गई थीं। इस तरह इसमें सालाना 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अनारॉक के पुरी ने कहा, '' आगामी त्योहारों के मद्देनजर आवासीय मांग बढ़ने की उम्मीद है। इससे जुलाई–सितंबर तिमाही में देखी गई तेजी को और गति मिलेगी।

### अल नीनो से रबी फसलों पर असर पड़ने की आशंका, कृषि सचिव ने चेताया

कृषि सचिव अतीश चंद्रा ने सोमवार को कहा कि अल नीनो के कारण वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए आगामी रबी फसल सत्र चुनौतीपूर्ण हो सकता है और उससे खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। चंद्रा ने रबी सत्र की तैयारियों पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि खासकर वर्षा आधारित क्षेत्रों में खरीफ सत्र भी काफी चुनौतीपूर्ण रहा। कई राज्यों को पहले फसल का रकबा बढ़ाने और बाद में फसल को बचाए रखने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गेहूं और सरसों जैसी रबी फसलों की बुवाई अक्टूबर में शुरू होती है। उन्होंने कहा, ''हम देख रहे हैं कि आगामी सत्र में उत्पादन काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। रबी सत्र भी वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा।'' चंद्रा ने कहा कि कुछ राज्यों को मिट्टी में अत्यधिक नमी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है, जबकि कम बारिश वाले क्षेत्रों में लंबे समय तक नमी की कमी का असर रह सकता है। उन्होंने कहा कि रबी सत्र के लिए इसी के अनुरूप रणनीति तैयार करने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन को वास्तविकता बताते हुए चंद्रा कहा कि सिंचाई वाले क्षेत्रों में भी कई जगह बेमौसम तथा भारी बारिश हुई है जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, ''हम सोचते थे कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना बाद में करना होगा। हालांकि, अब हम बदलाव होते देख रहे हैं और ये बदलाव बहुत तेजी से हो रहे हैं।'' चंद्रा ने कहा कि भारत ने अनाज के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है, लेकिन वह अब भी दाल, तिलहन और फलों जैसे कुछ बागवानी उत्पादों का आयात करता है। उन्होंने बताया कि रबी फसलों की आम तौर पर कुल करीब 638 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई होती है। इसमें 300 लाख हेक्टेयर से अधिक में गेहूं, 140 लाख हेक्टेयर में दाल, 87 लाख हेक्टेयर में तिलहन और 55 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज बोए जाते हैं।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज मुंबई के मरीन लाइंस में बनाएगी लक्जरी प्रोजेक्ट, 6000 करोड़ का अनुमानित राजस्व

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड अपनी विस्तार योजना के तहत मुंबई में 2.5 एकड़ में फैली लक्जरी आवासीय परियोजना का संयुक्त रूप से विकास करेगी। इस परियोजना से करीब 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने दक्षिण मुंबई के मरीन लाइंस में करीब 2.5 एकड़ के प्रमुख भूखंड के लिए ''विकास समझौता'' किया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज इस भूखंड पर लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करेगी, जिससे ''कुल मिलाकर करीब 6,000 करोड़ रुपये का अनुमानित राजस्व'' मिलने की संभावना है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडे ने कहा, ''मुंबई हमारे लिए लगातार एक प्रमुख बाजार बना हुआ है और शहर में हमारी प्रीमियम एवं लक्जरी परियोजनाओं को लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।'' मैन इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड (एमआईसीएल) ने अलग बयान में बताया कि उसने इस आगामी परियोजना के लिए गोदरेज प्रॉपर्टीज के साथ साझेदारी की है। एमआईसीएल और श्रीपति समूह के पास संयुक्त रूप से मौजूद विकास अधिकार अब गोदरेज प्रॉपर्टीज को हस्तांतरित कर दिए गए हैं। एमआईसीएल का गोदरेज प्रॉपर्टीज के साथ राजस्व साझा करने का समझौता है। एमआईसीएल समूह के प्रबंध निदेशक मनन शाह ने कहा, ''दक्षिण मुंबई की मरीन लाइंस परियोजना हमेशा से हमारे खंड में सबसे प्रतिष्ठित अवसरों में से एक रही है। गोदरेज के साथ हुए इस लेनदेन से परियोजना की पूरी क्षमता का इस्तेमाल हो सकेगा।'' संपत्ति सलाहकार 'इंडिया सोथबीज इंटरनेशनल रियल्टी' और रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स कंपनी 'सीआरई मैट्रिक्स' के अनुसार, मुंबई में 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक कीमत वाले लक्जरी मकानों की बिक्री इस साल की पहली छमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 18,512 करोड़ रुपये हो गई। इसमें बिक्री की मात्रा बढ़ने के साथ कीमतों में वृद्धि का भी योगदान रहा।

# टीम इंडिया की जीत ही मुख्य लक्ष्य, 15,000 ODI Runs पूरे करने पर बोले विराट कोहली

वेस्ट इंडीज़ के ख़िलाफ़ पहले वनडे में मैच जिताऊ शतक लगाने के बाद, भारतीय बल्लेबाज़ी के सुपरस्टार विराट कोहली और कप्तान शुभमन गिल ने अपनी आपसी बॉन्डिंग के बारे में बात की। अनुभवी खिलाड़ी कोहली ने भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान की लीडरशिप और बल्लेबाज़ी की तारीफ़ की, वहीं गिल ने बचपन में कोहली को अपना आदर्श मानने से लेकर मैदान पर उनके साथ पार्टनरशिप करने तक के अपने सफ़र के बारे में बताया। रविवार को तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में, विराट के 86वें इंटरनेशनल शतक (जिससे उन्होंने वनडे में 15,000 रन का आंकड़ा भी पार किया) और गिल के सधे हुए शतक की मदद से भारत ने 299 रन के मुश्किल लक्ष्य को आठ ओवर से ज़्यादा बाकी रहते और आठ विकेट हाथ में रहते हुए हासिल कर लिया। ठब्ब् के शेयर किए गए एक वीडियो में, गिल ने तिरुवनंतपुरम में एक और शतक लगाने और कोहली के साथ शतकीय साझेदारी करने के बारे में बात की। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2023 में श्रीलंका के खिलाफ़ यह कारनामा किया था। उन्होंने कहा कि यहां पाजी के साथ बैटिंग करने में मज़ा आया। मैंने यहां (तिरुवनंतपुरम में) उनके साथ दो बार बैटिंग की है। दोनों बार हमारी 100 रन की साझेदारी हुई और हमने शतक लगाए। बहुत खुशी है; बड़े होते हुए मैंने कभी नहीं सोचा था कि जब विराट भाई अपने 15,000 व्क् रन पूरे करेंगे, तो मैं उनके साथ होऊंगा। उन्हें देखने और अपना आदर्श मानने से लेकर उनके साथ क्रीज़ पर रहने और उन पलों को साझा करने तक, मुझे लगता है कि यह सफ़र अब तक बहुत अच्छा रहा है, और मुझे उम्मीद है कि हम और भी यादें बनाएंगे। भारतीय कप्तान ने कोहली की बैटिंग में हाल के समय में दिखे आराम और आत्मविश्वास के बारे में भी बात की। हम सब देख सकते हैं कि विराट भाई अभी अपनी बैटिंग




का कितना मज़ा ले रहे हैं। जिस आसानी और आत्मविश्वास के साथ वे अभी बैटिंग कर रहे हैं, वह मैदान के बाहर और अंदर दोनों जगह दिखता है। 15,000 रन का माइलस्टोन छूने पर कोहली ने कहा कि भले ही यह एक बड़ा आंकड़ा है, लेकिन उनका मुख्य फोकस हमेशा टीम को जिताने पर रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी सिर्फ़ अपने व्यक्तिगत आंकड़ों के पीछे भागकर लंबा करियर नहीं बना सकता। उन्होंने कहा कि अगर आप इसे आंकड़ों के नज़रिए से देखें, तो यह एक बड़ा आंकड़ा है। लेकिन लक्ष्य सीधा हैरू मुश्किल हालात से टीम को जीत दिलाना। मैंने सालों से यही करने की कोशिश की है। आप इतने लंबे समय तक तभी खेल सकते हैं जब आप टीम को जिताना चाहते हों। आप सिर्फ़ आंकड़ों के लिए लंबे समय तक नहीं खेल सकते। अगर आप आंकड़ों के पीछे भागेंगे, तो मुख्य लक्ष्य से समझौता कर बैठेंगे। मैं खुशकिस्मत हूँ कि इतने लंबे समय से इस स्थिति में हूँ, और एक और जीत के साथ इस बड़े आंकड़े को छूना वाकई खास है।


# साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए 18 सदस्यीय टीम चुनी, कगिसो रबाडा की वापसी

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डरबन में होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए 18 सदस्यीय शुरुआती टीम का ऐलान कर दिया है। स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा चोट के बाद टीम में लौटे हैं, जबकि एनरिक नॉर्टजे की भी वापसी हुई है। हेड कोच शुकरी कॉनराड के अनुसार इंट्रा–स्क्वाड मैच के बाद अंतिम 15 खिलाड़ी चुने जाएंगे। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज़ के लिए मंच तैयार है। वनडे सीरीज़ खत्म होने के बाद, दोनों टीमें तीन टेस्ट मैचों में आमने–सामने होंगी। पहला टेस्ट 9 अक्टूबर को डरबन के किंग्समीड में शुरू होगा। मैच से पहले, CSA (क्रिकेट साउथ अफ्रीका) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ पहले टेस्ट के लिए प्रोटियाज़ की शुरुआती 18–सदस्यीय टीम का ऐलान किया। मेज़बान टीम के लिए एक बड़ी अच्छी खबर यह है कि स्टार तेज़ गेंदबाज़ कगिसो रबाडा को टीम में शामिल किया गया है; वे चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। रबाडा के अलावा, एनरिक नॉर्टजे मार्च 2023 के बाद अपना पहला टेस्ट खेल सकते हैं। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि टीम में शामिल किए जाने के बावजूद, इस बात पर संदेह है कि क्या रबाडा पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग XI में जगह बना पाएंगे या नहीं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका द्वारा टीम की घोषणा के बाद, टीम के हेड कोच शुकरी कॉनराड ने टीम के गठन पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि पहले टेस्ट से पहले, टीम ज़बरदस्त ट्रेनिंग और टीम के अंदर ही कुछ मैच खेलेगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि मौजूदा WTC चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ पहले टेस्ट में कैसा प्रदर्शन करते हैं। इससे मैनेजमेंट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग XI तय करने में मदद मिलेगी। CSA की एक रिलीज़ के अनुसार, शुकरी कॉनराड ने कहा कि हमारे पास ट्रेनिंग के लिए कुछ दिन, दो दिन का इंट्रा–स्क्वाड मैच और हालात के हिसाब से ट्रेनिंग का मौका होगा, जिससे हमें अपनी फ़ाइनल 15 खिलाड़ियों की टीम चुनने से पहले ग्रुप और हालात को समझने का मौका मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि बड़ा बॉलिंग ग्रुप होने से हमें हर तरह की स्थिति से





निपटने में आसानी होती है। हमारे पास टीम में कई विकल्प हैं और अगले हफ़्ते हमें यह तय करने का मौका मिलेगा कि कौन से कॉम्बिनेशन हालात के हिसाब से सबसे अच्छे रहेंगे। साउथ अफ्रीका की शुरुआती टेस्ट टीमः टेम्बा बावुमा (कप्तान), मार्केस एकरमैन, डेविड बेडिंगहम, कॉर्बिन बॉश, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टोनी डी ज़ोरज़ी, साइमन हार्मर, मार्को जानसेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, एनरिक नॉर्टजे, डेन पैटरसन, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन।









चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित




समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना।




ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

